हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 14 जुलाई 2025

06 लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ ...



07 ई अटेंडेंस के खिलाफ़ लामबंद हुए शिक्षकों ने ...






**सोशल मीडिया की मुहिम का असर स्मैक नशेड़ियों पर देवरी पुलिस की कार्रवाई**

# देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मैक का विक्रय, किशोर और युवा नशे की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां



देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किशोर एवं युवाओं में बढ़ रही स्मैक की लत चिंताजनक स्थिति में पहुँच गई है। नशे की पुड़िया के कारोबार एवं नशेड़ियों के उत्पात से चिंतित जागरूक वर्ग ने सोशल मीडिया पर इसके विरूद्ध मुहिम आरंभ कर दी है। मुहिम के असर के परिणाम स्वरूप थाना पुलिस द्वारा नगर के विभिन्न इलाकों से 6 नशेड़ी उपद्रवी युवकों को हिरासत में लेकर उनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों में स्मैक के नशे में उपद्रव मचाने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को अभियान चलाकर छह युवकों को गिरफ्तार किया। सभी को नशे की हालत में पकड़कर धारा 151 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी मीनेश भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में स्मैक और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन करने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को विशेष अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में दबिश दी गई, जहां से उपद्रवी प्रवृत्ति के छह युवकों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपितों के नाम अंकित उर्फ पुंडे पिता पप्पू (19), निवासी पटेल वार्ड शुभम पिता प्रकाश अहिरवार (20), निवासी कांसखेड़ा मोहल्ला दस्सू पिता मुलु साहू (19), निवासी कांसखेड़ा मोहल्ला, चंद्रशेखर पिता रतन पटेल (27), निवासी खंडेराव वार्ड, अतुल पिता महेंद्र पटेल, निवासी कुसुम विहार कॉलोनी उदय प्रताप उर्फ उमेश नाहर (19), निवासी कांसखेड़ा मोहल्ला बताये गये है।

### उपद्रवियों से लगवाये गये नारे

पुलिस ने सभी को थाना लाकर कार्रवाई की, जहां इन युवकों ने नशे की हालत में "नशा करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है" जैसे नारे भी लगाए। बाद में सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी और नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

### सोशल मीडिया पर चल रही मुहिम

देवरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मैक पुड़ियों के विक्रय और किशोर एवं युवाओं में बढ़ रही उसकी लत को लेकर इस घातक नशे के विरूद्ध सोशल मीडिया फेसबुक पर मुहिम चल रही है। जिसमें स्थिति और भविष्य की चिंताओं को लेकर सैकड़ों व्यक्तियों द्वारा एक अपील पोस्ट को शेयर किया है। जिस पर यूजरों द्वारा कमेंट कर मामले में पुलिस एवं प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर की अपील, सतर्क रहें सावधान रहें...

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अति वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए आम जनमानस से अपील की है कि वे जल भराव होने पर, पुल पुलियों, रपटों में पानी का ज्यादा बहाव होने पर उन्हें पार न करें, बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग न करें, गीले हों अथवा पानी में खड़े हों तो बिजली के उपकरणों को नही छूंए, बारिश में साफ़ पानी और शुद्ध भोज्य पदार्थ का ही प्रयोग करें। युवा तथा अन्य सभी जल भराव वाले स्थानों पर सेल्फी लेने, पिकनिक करने, नहाने, कपड़े धोने और मवेशी धोने आदि के कार्य न करें, बरसात के समय बाढ़ वाले इलाके जैसे नदियां, नाले, पुल आदि में जाने से बचें।



### विद्यार्थी के मिलन समारोह का आयोजन हुआ

**सागर।** प्रबंध अध्ययन संकाय व्यवस्थाएं प्रबंधन विभाग डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश में एमबीए कोर्स के 13 बैच के विद्यार्थी की एल्यूमिनी की संगठन की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से मिलान छात्रों का मिलन समारोह का आयोजन हुआ। संगठन ने शिक्षकों कर्मचारियों का सम्मान किया एवं विभाग अध्यक्ष वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ यशवंत सिंह ठाकुर ने आभार प्रकट किया। एलुमनी एसोसिएशन अध्यक्ष कपिल मालिया, डॉक्टर प्रकाश शुक्ला, सचिव सहसचिव हृदेश पाटकर द्वारा स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर बबीता यादव, डॉक्टर अंकुर रांधेलिया, डॉक्टर शुभम, डॉक्टर पुष्पेंद्र सोध छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी आकृति श्रीवास्तव ने किया।

### पंचायत उपचुनाव के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण

**सागर।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में पंचायत उपचुनाव हेतु चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।सेंस के नोडल अधिकारी डॉ अमर कुमार जैन द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के पेपरलेस चुनाव के इस नवाचार से मतदान कर्मियों को अवगत कराया करते हुए कहा की पेपरलेस चुनाव दो भागों में होगा प्रथम भाग में ई व्ही एम से पूर्व की तरह चुनाव प्रक्रिया संपन्न की जाएगी केवल डॉक्यूमेंटेशन का पार्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप में लैपटॉप पर किया जाएगा। मतदान में प्रयोग किए जाने वाले प्रपत्रों, मतदान दिवस पर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी आनंद मंगल बोहरे एवं मनीष सक्सेना द्वारा दी गई। ईवीएम मशीन के संचालन से संबंधी प्रशिक्षण परमानंद सेन द्वारा दिया गया।

### सड़कों से आवारा मवेशी हटाने की कार्यवाही जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर के निर्देश का जिम्मेदारी पूर्वक अनुपालन किया जा रहा है। जिले के मुख्य मार्गों, बाजारों आवागमन के रास्तों पर भटकते पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशाला विस्थापित किया जा रहा है । बता दें कि कलेक्टर द्वारा विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि समस्त सागर जिले के मुख्य मार्गों से पशुओं को प्रमुखता से हटाया जाए एवं सुरक्षित रूप से उन्हें निकटतम गौशालों, गौ संरक्षण केंद्रों आदि में विस्थापित किया जाए। जिसके अनुपालन में जिले के मुख्य मार्गों, चौराहों, बाजारों से आवारा एवं घुमक्कड़ पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेज जा रहा हैं।



## 4 एंबुलेंस से 31 मरीजों को निशुल्क इलाज कराने के लिए भेजा भोपाल

**गढ़ाकोटा।** शिल्पी अभिषेक भार्गव द्वारा चलाए जा रहे वेदिका फाउंडेशन के तहत रविवार को 4 एंबुलेंस से 31 मरीज को निशुल्क इलाज के लिए भोपाल की अस्पतालों में भेजा गया। जिनमें मरीज सुभान खान गढ़ाकोटा, राविया बेहना चंद्रपुरा, राम रतन कुर्मी मोठार, सेवचरण कुर्मी रेगुंवा, मिट्ठू लाल लोधी रोन, रघुवीर लोधी सर्रा, गोविंद रैकवार चौरई, अमर सिंह खंगार बेलई, भरत सोनी गांधी वार्ड गढ़ाकोटा, पूनम कोरी रहली, लालू रजक पिपरिया गोपाल, गंगाराम सेन चंद्रपुरा, अयोध्या गौड़ हरदुआ, घनश्याम गोड़ हरदुआ, भगवती कुर्मी छुल्ला, कोमल कुर्मी छुल्ला, देवेंद्र जैन छुल्ला, रेखा कुर्मी छुल्ला , आकाश कुर्मी छुल्ला, वैष्णवी खंगार नवलपुर, गुलाब कुर्मी केकरा, मुरारी गंगेले बलेह, सुग्रीव कुर्मी केकरा, चिंतामन पटेल तिलक वार्ड गढ़ाकोटा, मुन्नालाल काछी तिलक वार्ड गढ़ाकोटा, मनोज विश्वकर्मा चौरई, रमेश चढ़ार छिरारी, रामरति ठाकुर बड़ग़ान, भागीरथ काछी, सोनिया सेन पिपरिया डिगर्रा, कालू पटेल ढाना, वंदना कुर्मी उदयपुरा शामिल हैं। जहां भोपाल स्थित पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के बंगले पर मरीज को भोजन ठहरने की व्यवस्था होती है। और वहां कर्मचारी इलाज के लिए मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में साथ ले जाते हैं।

## ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल ने छात्रों को 3 लाख 50 हज़ार की स्कॉलरशिप से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को वर्ष 2024-25 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने पर लगभग 3,50,000 रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन प्रतिवर्ष कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 80% 85% 90% एवं 95% अंक प्राप्त करने पर क्रमशः 7000 रूपये, 10000 रूपये, 15000 रूपये एवं 20000 रुपये की राशि एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड के रूप में छात्र-छात्राओं को प्रदान करता है।

सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में तनिषा गांधी 96.4% 25000 रूपये, हर्षित पाठक 95.6% 20000 रूपये, काव्या जैन 94.8% 15000 रूपये, अधिष्ठा सराफ 92% 15000 रूपये, ऋषि दुबे 89.6% 10000 रूपये, आदीश छतपुरिया जैन 88.4% 10000 रूपये, राज तिवारी 87.8% 10000 रूपये, अंश जैन 86.8% 10000 रूपये, सिद्धांत चौरसिया 83.4% 7000 रूपये, आर्ची जैन 80.8% 7000 रूपये, शरद पटेल 80.2% 7000 रूपये। कक्षा 10वीं में आदित्य धावरा 95% 20000 रूपये, अशिता जैन 93.2% 15000 रूपये, आयुषी मिश्रा 93.2% 15000 रूपये, श्रेयसी जैन 92.7% 15000 रूपये, प्राची सेन 92.5% 15000 रूपये, आकर्षी अहिरवाल 90.3% 15000 रूपये, अनन्या रोहिताश 87.7% 10000 रूपये, तन्वी सिंह राजपूत 87.5% 10000 रूपये, आभ्या यादव 86.7% 10000 रूपये, अंशुल चौरसिया 86.2% 10000 रूपये, आन्या भार्गव 85.5% 7000 रूपये, शौर्य चौरसिया 84% 7000 रूपये, अनुषा सिंघई 82% 7000 रूपये, संयम जैन 81.2% 7000 रूपये, संस्कृति सोनी 80.2% 7000 रूपये।

इस तरह कुल मिलाकर लगभग 3 लाख 50 हज़ार रुपये की राशि चेक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल एकेडमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर खेल स्कॉलरशिप भी प्रदान करता है। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती पारुल साहू 'केशरी' ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## भारी वर्षा के कारण जिले में अवरुद्ध हुए मार्ग पर पुलिस दयातायात नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते विभिन्न थाना क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों पर जलभराव के कारण आवागमन बाधित हो गया है। पुलिस अधीक्षक सागर विकास कुमार शाहवाल द्वारा जिले की संपूर्ण स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है एवं सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रभावित थाना क्षेत्र एवं मार्गों जिनमें महाराजपुर तरादेही मार्ग, देवरी झनकू पुल, बांदरी मेहर-दुआ रोड, खुरई शहर विदिशा-पढ़ारी रोड, बरायठा बंडा-बरायठा मार्ग, बलेह बेरखेड़ी-गढाकोटा मार्ग पर पुलिस व्यवस्था लगाई गई।उपरोक्त मार्गों पर आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक स्थानों पर बैरिकेटिंग की गई है एवं पुलिस बल की तैनाती कर यातायात को वैकल्पिक मार्गों की ओर मोड़ा जा रहा है। अतिवृष्टि की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि जलभराव वाले मार्गों पर जाने से बचें ।

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने पंचायत उप निर्वाचन वर्ष-2025 (पूर्वाद्ध) से पंचायत निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केन्द्रों की छत पर बरसांती डाली जावे, मतदान केन्द्रों के अन्दर बाहर सफा-सफाई, लाईट प्रकाश, पीने के पानी, लेट-वाथरूम आदि की व्यवस्था जावे, मतदान केन्द्रों पर लेखन कार्य तथा मतदाताओं को खड़े होने के लिए छाया/पानी से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था की जावे, मतदान केन्द्रों पर एल०सी०डी० टी०व्ही० रिमोट एवं वालमाउन्ट सहित, एचडीएमआईकेबल, प्रिंटर विथ काटरेज सहित, एक्सटेंसन, स्विच, स्थानीय स्तर पर तकनीकी समस्या हेतु आईटी एवं इलेक्ट्रीसियन टीम का गठन कर सूची इस कार्यालय को उपलब्ध कराई जावे।

**पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बैठक में सामने रखे क्षेत्र के लिए कई विषय**

# खुरई विधानसभा क्षेत्र के विषयों पर लोनिवि मंत्री राकेश सिंह ने संभागीय बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में सागर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई लोक निर्माण विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में शामिल होकर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र से जुड़े लंबित विकास कार्यों के विषय बैठक में रखे। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा रखे गए विषयों पर अधिकारियों से जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए। पूर्व गृहमंत्री ने संभागीय समीक्षा बैठक में निर्माणाधीन जरुआखेड़ा रेलवे ओवरब्रिज का कार्य शीघ्र पूरा करने का विषय रखा। पूर्वमंत्री सिंह ने राहतगढ़-खुरई-खिमलासा मार्ग का विषय रखते हुए कहा कि यह मार्ग स्टेट हाईवे क्रमांक 62 का मार्गखंड है जिसकी लंबाई 47.60 किमी, 5.5 मीटर चौड़ाई में है और वर्तमान में जर्जर हो चुका है। यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग क्र 146 सागर-भोपाल, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र 44 कश्मीर से कन्याकुमारी, एनएच 934 बीना-सागर-कानपुर को आपस में जोड़ता है तथा सागर जिले की चार तहसीलों खुरई, बीना, राहतगढ़, मालथौन को भी जोड़ता है। खुरई के कृषि उत्पाद व उपकरण औद्योगिक क्षेत्र तथा बीना रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कांप्लेक्स को देखते हुए क्षेत्र का व्यावसायिक घनत्व अधिक है। इसे दृष्टिगत रखते हुए इस मार्ग को टू लेन पेव्हड शोल्डर के रूप में उन्नयनीकरण व चौड़ीकरण कराया जाना आवश्यक है।

बांदरी व गढ़ौला सांदीपनि सीएम राईज स्कूलों के भवन निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करायें। साथ ही क्षेत्र की सड़कों के संबंध में भी बैठक में बात रखी। पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री राकेश सिंह ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूरे कराए जाएं।




### अग्रवाल महिला महासभा ने किया पौधरोपण

**सागर।** अग्रवाल महिला महासभा द्वारा डॉ हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें आम, बादाम, आंवला, रामफल, चीकू, अमरूद के द्वृक्ष लगाए एवं प्रकृति को हमेशा हरा भरा रखने का दृढ़ संकल्प लिया। कार्यक्रम की संपन्नता के बाद जिला अध्यक्ष आकांक्षा अग्रवाल ने बताया कि हम सभी को पेड़ लगाना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि पेड़ों की देखभाल भी होनी चाहिए तभी वृक्षारोपण का महत्व है। इसी श्रृंखला में अन्य सभी पदाधिकारी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए कि अगर हम वृक्षों और पेड़ पौधों की रक्षा करेंगे तो आगे आने वाले समय में कई परेशानियों से निजात पा सकेंगे। इस अवसर पर अग्रवाल महिला महासभा की जिला अध्यक्ष आकांक्षा अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल व सभी पदाधिकारी मोनिका, रितु, ममता, वर्षा, रीति, मयूरी, नेहा, सुरुचि, सुनीता दीपा, रोशनी, नव्या तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### क्षेत्रीय संचालक ने किया बंडा के नए अस्पताल का औचक निरीक्षण

**सागर।** डॉ नीना गिडियन ने अस्पताल का निरीक्षण किया, सबसे पहले तो अस्पताल में उन्हें गंदगी नजर आई, उन्होंने आदेश दिया आगे मुझे अस्पताल बिल्कुल साफ दिखना चाहिए। गंदगी से ही बीमारी के कीटाणु फैलते हैं। नए डेम आशुतोष और एमएंडी पवन विश्वकर्मा उसी समय वहां सेक्टर मीटिंग ले रहे थे। सभी स्टाफ मौजूद था डॉ गिडियन ने उन्हें सारी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। और उनके कामों की समीक्षा की। काम तो हो रहा है परन्तु अनमोल 2 पोर्टल पर डाटा एंट्री नहीं हो पा रही है क्योंकि बहुत सी गर्भवती महिलाओं की समग्र आई डी नहीं बनी है। डेम आशुतोष को गिडियन मैडम ने इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा, और स्टाफ को हर गर्भवती महिला का पंजीयन, 6 जांचे, और बराबर फॉलो करने को कहा ताकि मा और बच्चा सुरक्षित रहे। बीपीएम राहुल तिवारी ने बताया कि डॉ प्रदीप सरवैया स्त्री रोग विशेषज्ञ भी आ गए हैं, और डिलीवरी का रेशु भी बहुत बढ़ गया है, और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में भी गर्भवती महिलाओं की भीड़ बढ़ गई है।

### विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

**सागर।** सागर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक मंगलवार को शंकर पैलेस मकरोनिया रोड सागर में शाम को 4:00 बजे से आयोजित की गई है। पेंशनर एसोसिएशन के सचिव राम लखन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में 24 जून को जबलपुर में प्रांतीय बैठक के निर्णय की भी जानकारी दी जावेगी साथ ही पेंशनर की येरियर और 2% के आदेश में विलंब पर चर्चा पेंशनर्स यूनियन द्वारा सरकार के विरोध में आंदोलन पर विचार विमर्श, स्थानीय स्तर की समस्याओं पर चर्चा होगी। श्री श्रीवास्तव ने सभी पेंशनरों से समस्या सुझाव समाधान और विचार विमर्श हेतु बैठक में सहभागिता का अनुरोध किया है



### तिलकगंज जैन मंदिर में होगा मंगल चातुर्मास कलश स्थापना समारोह किया आयोजित

**सागर।** सकल दिगंबर जैन समाज और बर्षा योग समिति तिलकगंज जैन समाज द्वारा परम पूज्य श्री 108 विजिज्ञासाश्री माताजी के मंगल चातुर्मास की कलश स्थापना तिलकगंज में संपन्न हुई। श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंगल धाम तिलक गंज में बर्षा योग होगा। शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ उन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने संगीतमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश केशरवानी, पूर्व विधायक सुनील जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र जैन आदि उपस्थित रहे। मुख्य कलश अरविंद कुमार जैन कर्रापुर वाले, सुमन संजय जैन कपिल मलैया, सुशील विद्याथी, ज्योति जैन नैनधरा को प्राप्त हुए। कमेटी के अध्यक्ष नितिन जैन ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेष केसरवानी का पिच्छी और कमंडल का स्मृति चिन्ह प्रदान करके उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर श्री 108 विजिज्ञासा श्री माता जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सागर अनेक मोतियों से भरा हुआ है, सागर ने अनेक संत और विद्वान दिए हैं। यह पूरे भारत में अध्यात्म के लिए जाना जाता है। अतः यह चातुर्मास सागर के सभी लोग मिलकर संपन्न कराएंगे। इस चातुर्मास की सार्थकता तब है जब सभी लोग साधु के श्री मुख से निकले वचनों का पालन कर उसे जीवन में उतारे और धर्म मार्ग पर चलें। उन्होंने पूरे 4 महीने समस्त समाज से एकजुट होकर धर्म मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि संतों और माताजी के आगमन से भूमि शुद्ध हो जाती है। वातावरण शुद्ध हो जाता है। यह हमारा सौभाग्य है कि माता जी का ससंघ मंगल सानिध्य हम सबको प्राप्त हुआ। अगले 4 माह तक चलने वाले चातुर्मास में जो भी व्यवस्थाएं होगी वह हमारे द्वारा सुनिश्चित कर दी जाएगी मैं पूरी समाज को आश्वासन देता हूं कि माताजी का चातुर्मास भव्य और व्यवस्थित तरीके से होगा।

## 36 घंटे से निरंतर हो रही बारिश, कई मार्गों से संपर्क टूटा

# लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त, अब तक 80 फीसदी वर्षा पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बीते 36 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। पिछले 24 घंटे में जिले में औसतन 6.6 इंच वर्षा दर्ज की गई है, जबकि टीकमगढ़ तहसील में सर्वाधिक 8.5 इंच और पलेरा में 6.49 इंच बारिश रिकार्ड की गई। लगातार हो रही बारिश के चलते टीकमगढ़, झांसी, छतरपुर और ललितपुर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर आवागमन ठप हो गया है। कुंडेश्वर में बहने वाली जमडार नदी का जलस्तर इतना बढ़ गया कि पुल के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिससे टीकमगढ़झमहरौनी मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया है। कुंडेश्वर स्थित नवोदय विद्यालय परिसर में पानी भर गया, जिसके कारण विद्यार्थियों को स्कूल भवन से निकालकर अस्थाई रूप से हॉल में स्थानांतरित किया गया।



शहर के टिहरी मोहल्ले में स्थित राजशाही काल का पुराना पुल तेज जलधारा के दबाव में आकर क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं महेंद्र सागर तालाब अपनी पूरी 14 फीट की जलग्रहण क्षमता को पार कर चुका है और आसपास के क्षेत्रों में दबाव बना रहा है। हनुमान सागर तालाब का पानी भी बंधान से ऊपर बह रहा है। बौरी हनुमान मंदिर के पास नाला उफान पर आने से मंदिर की एक दीवार भी गिर गई है। शहर के कई मोहल्लों और कॉलोनियों में जलभराव की गंभीर स्थिति बनी हुई है। शिव शक्ति कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी, कुंवरपुर रोड, भटनागर कॉलोनी और अन्य कई क्षेत्र बारिश के पानी में डूबे हुए हैं। कई घरों के अंदर पानी घुस चुका है। शिव शक्ति कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि नाले पर किए गए अतिक्रमण के कारण जल निकासी का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। वरिष्ठ नागरिक डॉ. महेश बुखारिया ने बताया कि यह पहली बार है जब उनके मकान के भीतर तक पानी भर गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उनके साथ एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया भी फील्ड में सक्रिय हैं। प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं, साथ ही कंट्रोल रूम भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 818 मिलीमीटर (32.20 इंच) औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि सामान्य वर्षा (1000 मिमी) का 80 प्रतिशत है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 22 इंच अधिक है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो टीकमगढ़ वर्षा मापक केंद्र में 215 मिमी, मोहनगढ़ में 197 मिमी, लिधौरा में 196 मिमी, बल्देवगढ़ में 190 मिमी, खरगापुर में 186 मिमी, पलेरा में 165 मिमी, जतारा में 110 मिमी और बड़ागांव धसान में 90 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं अब तक टीकमगढ़ तहसील में 1106 मिमी, पलेरा में 1059 मिमी, मोहनगढ़ में 920 मिमी, खरगापुर में 777 मिमी, बल्देवगढ़ में 774 मिमी और जतारा में 609 मिमी वर्षा हो चुकी है।

भले ही यह बारिश जिले की जलग्रहण क्षमता को पूर्ण करने की ओर संकेत दे रही हो, लेकिन शहरों में नालों पर हुए अतिक्रमण और निकासी व्यवस्था की कमजोर स्थिति ने चेतावनी भी दी है। आने वाले दिनों में यदि इसी गति से बारिश होती रही, तो स्थिति और अधिक विकट हो सकती है। ऐसे में प्रशासन की चुनौती केवल राहत तक सीमित नहीं, बल्कि निकासी और पुनर्निर्माण के स्थायी समाधान खोजने की भी होगी।

## कॉलेज के पास हुआ हादसा, गति नियंत्रक न होने से बढ़ रहे हादसे

# तेज रफ्तार का कहर: डिवाइडर से टकराई बाइक, तीन युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

थाना क्षेत्र अंतर्गत पलेरा कॉलेज के पास रविवार को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जोरदार टक्कर में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे की जानकारी मिलते ही डायल 100 की टीम मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल दो युवकों को रेफर करने की तैयारी की जा रही है।



घायल युवक ताल लिधौरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की गति बहुत तेज थी, जिस कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा गया।

पलेरा कॉलेज के पास पहले भी कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर गति नियंत्रण के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं हैं, जिससे यह इलाका हादसों के लिए संवेदनशील बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कॉलेज क्षेत्र में गति अवरोधक और चेतावनी संकेत जल्द से जल्द लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## ई-अटेंडेंस, पेंशन, प्रमोशन और गैर शैक्षणिक कार्यों के विरोध में आज़ाद अध्यापक शिक्षक संघ ने निकाली रैली

# शिक्षकों की हुंकार: स्वाभिमान के लिए हजारों की संख्या में उतरे सड़कों पर



**टीकमगढ़।** प्रदेश सरकार की नीतियों और शिक्षक विरोधी माने जा रहे निर्णयों के खिलाफ सोमवार को जिले में शिक्षक स्वाभिमान रैली का आयोजन किया गया। भरत पटेल, प्रांताध्यक्ष आज़ाद अध्यापक शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश के आह्वान पर यह प्रदर्शन आयोजित हुआ, जिसमें जिले भर से एक हजार शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। रैली नजरबाग से शुरू होकर कलेक्ट्रेट परिसर तक निकाली गई, जहां मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। रैली का नेतृत्व जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह बुंदेला ने किया। उनका कहना था कि राज्य शासन द्वारा ई-अटेंडेंस जैसी जटिल प्रणाली थोपकर शिक्षकों को मानसिक तनाव में डाला जा रहा है। शिक्षकों की नियुक्ति तिथि, वरिष्ठता, पदोन्नति, वेतन भुगतान, हड़ताल अवधि के वेतन और अनुकंपा नियुक्ति जैसे मुद्दों पर आज तक कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, जिससे शिक्षक वर्ग खुद को लगातार उपेक्षित महसूस कर रहा है।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने मांग की कि अध्यापक संवर्ग को अन्य शासकीय कर्मचारियों की तरह नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। इसके अलावा गुरूजी संवर्ग को उनकी नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता दी जाए, लंबित क्रमोन्नतियाँ जारी हों और शिक्षकों को बीएलओ जैसी गैर शैक्षणिक जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाए। ई-अटेंडेंस को लेकर भी शिक्षकों ने कई व्यावहारिक समस्याएं सामने रखीं। खराब नेटवर्क, मोबाइल की बैटरी डिस्चार्ज होना, बारिश और नदियों के उफान से स्कूल पहुँचने में देरी, किसी कार्यालय कार्य हेतु विद्यालय से अनुपस्थित रहना आदि इन सभी परिस्थितियों में ई-अटेंडेंस लागू करना शिक्षकों के साथ अन्याय की तरह है। रैली में शामिल शिक्षकों का कहना था कि वे पढ़ाने के लिए स्कूल आते हैं, न कि हर समय मोबाइल ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराने की चिंता करने के लिए।

प्रदर्शन में प्रांतीय उपाध्यक्ष रविकांत खरे, मीडिया प्रभारी जगदीश रजक, कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह तोमर, संयोजक शिवम शर्मा, सचिव आदित्य शुक्ला, आशीष पांडे, पुष्पेंद्र सिंह, कामेश समेले सहित महिला मोर्चा की नीलम यादव, पुष्पा भारती, आरती चतुर्वेदी, राजलता अहिरवार, मंजुला शर्मा, प्रियंका रावत आदि बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं। सभी ने एक स्वर में शिक्षक हितों के लिए संघर्ष तेज करने की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने के बाद शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि यदि शासन ने शीघ्र समाधान नहीं किया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## प्रशासनिक अमले को दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश

# लगातार बारिश के बीच जिले के मुखिया पहुंचे जलभराव क्षेत्रों में




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश के बीच कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सोमवार को शहर के विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद नगर पालिका एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल निकासी और राहत कार्यों को तत्परता से अंजाम दिया जाए और किसी भी स्थिति में लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में पंप सेट, राहत सामग्री और संसाधनों की तैनाती शीघ्र की जाए, ताकि जनजीवन सामान्य बना रहे। उन्होंने फील्ड अमले से यह भी कहा कि वे लगातार क्षेत्रों में गश्त करें और जरूरतमंदों को त्वरित सहायता प्रदान करें। इस दौरान नगर पालिका टीकमगढ़ के सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं स्थानीयजन भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण, कई मार्ग किए गए बंद, वैकल्पिक रूट से यातायात बहाल

# ऐतिहासिक बड़े पुल की गिरी दीवार, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शामिल पुरानी टेहरी स्थित बड़े पुल की एक ओर की दीवार रविवार को अचानक गिर गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय पुल पर सामान्य यातायात चल रहा था, लेकिन सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे की जानकारी मिलते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

प्रशासन द्वारा सावधानी के तौर पर पुल के नीचे और ऊपर के कुछ मार्गों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इनमें पपौरा चौराहा से पुरानी टेहरी तक पुल के नीचे जाने वाला रास्ता और पानी की टंकी से सिद्धेश्वरी माता मंदिर, तालदरवाजा तक जाने वाला ऊपर का मार्ग शामिल है।

### वैकल्पिक रूट से यातायात संचालन

प्रशासन ने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात के लिए वैकल्पिक मार्गों की घोषणा की है। भारी वाहनों के लिए अब तालाब बाईपास मार्ग खुला रहेगा। छोटे वाहनों के लिए गांधी चौराहे से तालदरवाजा तक का रास्ता उपयोग में लाया जाएगा। पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम मौके पर तैनात है, जो यातायात को नियंत्रित कर रही है। साथ ही, किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने हेतु प्रशासनिक निगरानी बढ़ा दी गई है।

### पुराने निर्माण की हालत बनी चिंता का विषय

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पुल वर्षों पुराना है और इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण की ओर अब तक पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। दीवार गिरने की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शहर में कई ऐसी संरचनाएं हैं, जिन्हें समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो बड़े हादसे हो सकते हैं।

### कलेक्टर ने दिए सुरक्षा के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तत्काल प्राविधिक निरीक्षण टीम को तैनात करने और पुल की शेष संरचना की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगर पालिका को आदेशित किया है कि वैकल्पिक मार्गों पर संकेतक, बैरिकेड्स और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ताकि रात्रि में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## संत गाडगे महाराज पार्क में पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूर्व विधायक ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत रविवार को पूर्व विधायक राकेश गिरी ने शहर के पुरानी टेहरी स्थित संत गाडगे महाराज पार्क में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक, युवा, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आम, पीपल, नीम और अशोक जैसे छायादार और औषधीय गुणों वाले पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण के बाद संबोधित करते हुए राकेश गिरी ने कहा कि मां केवल वह नहीं जो जन्म दे, बल्कि प्रकृति भी हमें जीवन देने वाली माँ का ही रूप है। एक पेड़ लगाकर हम अपनी माँ के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर सकते हैं। यह एक श्रद्धांजलि भी है और एक ज़िम्मेदारी भी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अपने जीवन में अवश्य लगाए, और उसे सिर्फ



रोपकर छोड़ न दें, बल्कि संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। उन्होंने कहा कि हर लगाया गया पेड़ हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देगा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगातार जिले में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। यह अभियान न केवल पर्यावरण जागरूकता का माध्यम बन रहा है, बल्कि लोगों को भावनात्मक रूप से भी प्रकृति से जोड़ने में सफल हो रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को प्रेरित करते हैं और व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। युवाओं ने इसे हरित क्रांति से जोड़ने वाली भावनात्मक पहल करार दिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व विधायक राकेश गिरी ने सभी से वचन लिया कि वे लगाए गए पौधों की देखरेख करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान से जोड़ेंगे।

## प्रशासन से की मुआवजे की मांग

# भारी बारिश में गिरा गरीब किसान का घर, दो भैंसों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मडखेरा जिले के मडखेरा ग्राम पंचायत में शनिवार रात हुई तेज़ बारिश ने एक परिवार की पूरी आजीविका छीन ली। ग्राम के निवासी रामकृष्ण यादव और नीरज यादव का कच्चा मकान बारिश के कारण अचानक धराशायी हो गया। इस हादसे में उनकी दो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई है। रामकृष्ण यादव का परिवार पशुपालन कर दूध बेचने से अपना गुज़ारा करता है। उनके लिए यही एकमात्र कमाई का स्रोत था, जो अब बारिश के साथ बह गया है। इस हादसे के बाद परिवार गहरे सदमे और आर्थिक संकट में है।



### समाजसेवी पहुंचे मौके पर, उठाई आवाज

घटना की सूचना मिलते ही शहर के समाजसेवी अपनी टीम के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और मौके पर ही पटवारी, सरपंच, तहसीलदार और पशु चिकित्सा अधिकारी को फोन कर स्थिति से अवगत कराया।समाजसेवियो ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि, यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि एक गरीब परिवार की रीढ़ टूटने जैसी स्थिति है। यदि जल्द उचित मुआवजा नहीं दिया गया, तो हम इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई को गाँव से जिला स्तर तक ले जाएंगे।

### आजीविका के साधन पर टूटा कहर

रामकृष्ण यादव वर्षों से गाय-भैंस पालकर दूध बेचकर अपने परिवार का पालन कर रहे थे। उनके लिए पशुधन ही कमाई और जीवन का आधार था। अब जब दो भैंसें मर चुकी हैं और एक घायल है, तो यह परिवार भविष्य को लेकर बेहद चिंतित है। वर्तमान में परिवार खुले में रहने को मजबूर है और पशुओं के इलाज के लिए भी संसाधन नहीं हैं। घटना के बाद से गाँव में सहानुभूति और आक्रोश दोनों है, लेकिन अब भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस सहायता मौके पर नहीं पहुंच पाई है।

## नदी घाटों पर कड़ी निगरानी, आपदा प्रबंधन की पूरी तैयारी

# भारी बारिश की चेतावनी के बीच पुलिस अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में मानसून की तेज़ सक्रियता और आगामी भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने समूचे पुलिस महकमे को सतर्क मोड में डाल दिया है। उन्होंने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे नदी घाटों, पुलों और जलभराव वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा है कि जनजीवन की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस को न केवल सतर्क रहने को कहा गया है, बल्कि आमजन को आपदा से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी और सहयोग देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

यह मुहिम जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम तथा एसडीओपी टीकमगढ़ और जतारा के मार्गदर्शन में और भी व्यापक रूप से क्रियान्वित की जा रही है। जिला पुलिस की टीमें लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं और नदी किनारे, घाटों तथा कमजोर पुलों की निगरानी कर रही हैं।

### मौजूदा हालात को देखते हुए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रमुख प्रबंध



एसपी मंडलोई द्वारा नदी घाटों और जलभराव वाले क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण, जलप्रवाह के समय पुलों पर ट्रैफिक नियंत्रण और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था तटीय और निम्न इलाकों के ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जानकारी देना संभावित स्थिति के अनुसार त्वरित रेस्क्यू टीम और सुरक्षा उपकरणों की तैनाती की जा रही है।

### नागरिकों से पुलिस की अपील

जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम की गंभीरता को समझें और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। विशेषकर नदी घाटों, पुलों और अन्य जलभराव वाले स्थानों पर अनावश्यक रूप से न जाएं। किसी भी आपात स्थिति में निकटतम थाना या हेल्पलाइन से तत्काल संपर्क करें।



### परेशान कर्मचारियों ने की वर्षाकाल में कार्यालय शिफ्टिंग की मांग

# जुगाड़ का पहुंच मार्गः दो जिला कार्यालयों तक पहुंचने नहीं सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इन दिनों शिक्षा और आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अपने जिला कार्यालय तक पहुंचने के लिए ऐसे प्रयास करने पड़ रहे हैं जैसे प्राकृतिक आपदा में फंसे किसी इंसान को बचाने में आपदा प्रबंधन को रेस्क्यू के दौरान करने पड़ते हैं। वैसे तो पहुंच विहीन इन दफ्तरों तक सड़क ही नहीं है लेकिन बारिश के समय तो यहां पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाता है जिसके चलते कई कई दिन इन दफ्तरों में कर्मचारी जा ही नहीं पाते हैं। दफ्तरों में ताले डले ना रहे इसलिए अफसर अपने स्तर पर प्रयास करते रहते हैं। अभी भी इन दफ्तरों में पहुंचने के लिए वकीलों की कॉलोनी के भीतर से ईंट डालकर जुगाड़ का रोड तैयार किया जा रहा है ताकि दफ्तर खुले रहे। उधर कर्मचारी संगठनों ने इन दफ्तर में कामकाज नियमित रूप से हो और कर्मचारियों को वहां पहुंचने में परेशानी ना हो इस उद्देश्य से वर्षा काल के दौरान कार्यालय को सुविधाजनक स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है।

अमराल नदी किनारे जहां आयुष विभाग और शिक्षा विभाग के कार्यालय बनाए गए हैं उस स्थान तक पहुंचाने के लिए कहीं भी सड़क नहीं है। पहले इस स्थान पर बिजली कंपनी की जमीन में से होकर गुजरना पड़ता था तब कर्मचारी आसानी से दफ्तर पहुंच जाते थे लेकिन बिजली कंपनी को अपनी जमीन में से दूसरे विभाग के कर्मचारियों की आवा जाहि पसंद नहीं आई और दीवार उठाकर रास्ता बंद कर दिया जिसके चलते बाद में कर्मचारी डाइट कार्यालय से होते हुए दफ्तर जाने लगे अब डाइट कार्यालय के पास जहां से आवा गमन था वहां कृषि विभाग ने बिल्डिंग बनाकर रास्ता बंद कर दिया। कर्मचारियों के पास अब एकमात्र रास्ता वकीलों की कॉलोनी से होकर गुजरने का है।

हालांकि इस रास्ते में गेट लगाकर वकीलों ने आवाजाही बंद कर दी थी लेकिन अनुरोध करने पर अस्थाई रूप से आने-जाने देने पर सहमति हो गई है लेकिन यहां भी कच्ची जमीन ऊबड़खाबड़ गड्ढे होने के चलते बारिश में जाना मुश्किल हो रहा है अब जुगाड़ से ईंट के टुकड़े डालकर रोड बन रहा है।




### वर्षाकाल में ऑफिस शिफ्टिंग का विकल्प

वर्षा काल के समय ढेंगदा गांव स्थित इन दोनों दफ्तरों तक कर्मचारियों का पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाता है ऐसी स्थिति में कर्मचारी इन दफ्तरों को जिला मुख्यालय पर शिफ्ट करने की मांग करते हैं। कर्मचारियों का सुझाव है कि जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को वर्षा कल के दौरान कन्या उमावि परिसर या फिर एमएस चंबल कॉलोनी में शिफ्ट किया जा सकता है जहां कर्मचारियों की पहुंच आसान होगी उधर आयुष कार्यालय को जिला अस्पताल परिसर में संचालित आयुष हॉस्पिटल में शिफ्ट किया जा सकता है जहां नए भवन बनाए गए हैं जरूरत पड़ने पर ओर भवन स्वास्थ्य प्रबंधन से लिए जा सकते हैं।

### वकीलों को आवंटित हुई ज़मीन गेट लगाकर बंद किया रास्ता

वकीलों के चैंबर बनाने के लिए जो जमीन आवंटित की गई है इसमें पहले भी कई बार हिस्सेदारी वकीलों को करनी पड़ी है। दरअसल इसके लिए ज़मीन तो बहुत अधिक आवंटित हुई थी पर बाद में उक्त ज़मीन का बड़ा भू भाग डाइट कार्यालय भवन को के लिए आवंटित कर दिया गया। इससे पहले जिला उपभोक्ता न्यायालय भवन भी इसी आवंटित भूखंड में निर्माण किया गया था। हाईकोर्ट के एक भूमि विनियम फैसले में भी इसी भूखंड से ज़मीन छोड़नी पड़ी। जितनी संख्या में श्योपुर जिला न्यायालय में वकील प्रैक्टिस करते हैं उतनी संख्या में भवन बनने के लायक जमीन भी नहीं बची है ऐसी स्थिति में अब कोई भी हिस्सेदारी वकील अपनी जमीन में से नहीं चाहते हैं। जिसके कारण वह शीघ्र ही इस भूखंड पर निर्माण कर वकीलों के लिए चैंबर बनाने की तैयारी में है। वकीलों के लिए आवंटित हुई इस ज़मीन पर ओर अधिक हिस्सेदारी न हो इस उद्देश्य से वकीलों ने वहां गेट लगाकर ताला जड़ दिया है जिससे इन दो सरकारी कार्यालय तक आना जाना बंद हो गया है। हालांकि मानवता के नाते वकीलों ने इन दफ्तरों तक कर्मचारियों को आने जाने की छूट दी हुई है लेकिन अगर उनकी ज़मीन पर निर्माण हो गया तो फिर यह रास्ता भी आम नहीं रहेगा।

### इनका कहना

पहले बिजली विभाग की जमीन से होकर कार्यालय आ जाते थे बिजली विभाग ने बाउंड्री वॉल कर रास्ता बंद कर दिया। इसके बाद वकीलों की जमीन में से होकर आना-जाना होता था वकीलों द्वारा गेट लगा देने से डाइट कार्यालय से होकर आ रहे थे लेकिन डाइट कार्यालय में भी उक्त स्थान पर भवन बना कर रास्ता बंद कर दिया अब क्रेशर बस्ती तक पहुंचकर वहां से पैदल ऑफिस आना पड़ता है।

**डॉ जीपी वर्मा**
**जिला आयुष अधिकारी श्योपुर**

जिस तरह पुलिस विभाग ने वर्षाकाल को देखते हुए अनु विभागीय मुख्यालय को बडौदा से कराहल में शिफ्ट किया है, उसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय भी कन्या उमावि या एमएस चंबल कॉलोनी में शिफ्ट किया जाए। कर्मचारियों को अभी जिला कार्यालय पहुंचने में बेहद परेशानी होती है।

**रामचरित रावत**
**जिलाध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ श्योपुर**

### बड़ौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 15 की घटना, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

# संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी पर झूली बालिका, सुसाइड नोट भी छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 15 निवासी एक 18 वर्षीय बालिका ने बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। फांसी लगाए जाने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है,लेकिन बालिका ने फांसी लगाने से पहले सुसाइड नोट लिखकर भी छोडा है। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक बडौदा के वार्ड क्रमांक 15 निवासी शिवानी 18 वर्ष पुत्री रघुवीर सुमन अपने माता पिता की इकलौती बेटी है। शनिवार की रात करीब 9 बजे के आसपास शिवानी सुमन ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर के अंदर फांसी लगा ली। जिसका पता परिवार के लोगो को तब चला,जब वे किसी काम से उसके कमरे के अंदर गए। आनन फानन में परिवार के लोग शिवानी को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर बडौदा अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां उसे डॉक्टरों ने चैकअप के दौरान मृत घोषित कर दिया। इस मामले की सूचना मिलने के बाद तत्काल सक्रिय हुई पुलिस ने उस कमरे का मौका मुआयना किया,जिसमें बालिका के द्वारा फांसी लगाई गई है। बालिका के कमरे से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर उसे मामले की जांच में शामिल कर लिया है।



### पढ़ने में होशियार थी शिवानी

फांसी लगाने से मृत हुई शिवानी सुमन पढने में भी होशियार थी। इस साल उसने कक्षा 12 वीं का बोर्ड एग्जाम भी उत्तीर्ण किया है। लेकिन उसने अचानक यह कदम क्यों उठा लिया,इसको लेकर परिजनों के साथ साथ आसपास के लोग भी हैरान बने हुए है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना..

शिवानी ने फांसी क्यों और किस कारण से लगाई है,इसकी जांच की जा रही है। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसे जब्त करते हुए जांच की कार्रवाई में शामिल कर लिया है।

**सत्यम सिंह गुर्जर**
**टीआई बडौदा**

# ई अटेंडेंस के खिलाफ़ लामबंद हुए शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने निकाली स्वाभिमान रैली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए आवश्यक की गई ई अटेंडेंस के खिलाफ़ रविवार को शिक्षकों ने आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बेनर तले प्रदर्शन करते हुए शहर में बाइक रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के आव्हान पर प्रदेश व्यापी अभियान के तहत श्योपुर में भी शिक्षक स्वाभिमान रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया।जिला अध्यक्ष पदम सिंह मीणा के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में दोषपूर्ण ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू न की जाए। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी राज्य एवं केन्द्र के अन्य कर्मचारियों की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जावे। आई एफ एम एस पोर्टल में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की जो नियुक्ति दिनांक 01-07-2018 दर्ज है उसे सुधार कर उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक अंकित की जावे । गुरूजिओ को उनकी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जावे। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पदोन्नति और लंबित क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र जारी जारी कर एरियर राशि का भुगतान किया जावे। जनजाति कार्य विभाग के कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग और स्कूलों को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज किया जाए।अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को शिथिल की जाए। अध्यापक शिक्षक संवर्ग की रूकी हुई हड़ताल अवधि की वेतन का भुगतान किया जाए। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को कैस लेश मेडिकल क्लेम की सुविधा प्रदान की जाए,उन्हें सेवानिवृत्त होने की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करके ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाए। आदि मांगे प्राथमिकता से अंकित की गई है।




# नरेश मीणा को जमानत मिलने की खुशी के इजहार में बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राजस्थान में एसडीएम को थप्पड मारने के मामले में नरेश मीणा को न्यायालय से जमानत मिल गई है। जमानत मिलने की खुशी का इजहार रविवार को यहां श्योपुर स्थित जय स्तंभ चौक पर आतिशबाजी चलाकर और मिठाई बांटकर किया। रविवार को

युवा समाजसेवी मुकेश हिरनीखेडा के नेतृत्व में जुटे मीणा समाज के लोगों सहित उनके समर्थकों ने नरेश मीणा को क्रांतिकारी बताते हुए उन्हें जमानत मिलने की खुशी जताई। साथही यह भी कहा कि सत्य परेशान हो सकता है,लेकिन पराजित नहीं। यहां कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी चलाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नरेश को जमानत मिलने की खुशी व्यक्त की।



# कराहल से नाबालिग बालिका लापता, अपहरण का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल कस्बे से बीती शाम को एक नाबालिग बालिका लापता हो गई। परिजनों ने उसका अपहरण किए जाने का अंदेशा व्यक्त किया है। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी है। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि कराहल निवासी जगराम आदिवासी की नाबालिग बेटी शनिवार की शाम को बकरियो को लेने के लिए गई थी,लेकिन वह इसके बाद लौटकर घर नहीं पहुंची, परिजनों के काफी तलाश करने के बाद भी बालिका कोई अता पता नहीं चल सका है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### 31 जुलाई तक जमा की जा सकती है फसल बीमा प्रीमियम

श्योपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ 2025 हेतु अधिसूचित पटवारी हल्का अंतर्गत किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा रहा है, कृषको का प्रीमियम नामे किये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्रभारी उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि फसल ऋण लेने वाले ऋणी कृषकों का बीमा बैंको द्वारा किया जाता है तथा अऋणी कृषको का फसल बीमा सीएससी अर्थात नागरिक सुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है।उन्होने बताया कि खरीफ मौसम के कृषको का प्रीमियम नामे करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, अऋणी कृषक अपने नजदीकी नागरिक सेवा केन्द्रों पर अपनी अधिसूचित फसलो का बीमा कराने हेतु आवश्यक दस्तावेज भू अधिकार पुस्तिका, बुवाई प्रमाण पत्र, पूर्ण रूप से भरा हुआ प्रस्ताव फार्म, बैंक अकांउट की जानकारी एवं आधार कार्ड के साथ जाकर बीमा करा सकते है।

### डेयरी इकाई लगाने के लिए मिलेगा 42 लाख तक ऋण

श्योपुर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना शुरू की गई है, जिसमें 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए 42 लाख तक का ऋण उपलब्ध होगा। मध्यप्रदेश शासन इस योजना के तहत डेयरी इकाई लगाने वाले हितग्राही को 33 फीसदी तक सबसिडी भी दे रही है। श्योपुर जिले में योजना के तहत 10 इकाईयां स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि श्योपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार डेयरी उद्योग में रूचि रखने वाले युवाओं को उक्त योजना के तहत लाभ दिलाने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है तथा योजना का अधिक से अधिक युवा लाभ लें, इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि शासन की उक्त महत्वपूर्ण योजना के तहत 25 गाय पालने के लिए 38 लाख रूपये तथा 25 भैस पालने के लिए 42 लाख रूपये की ऋण राशि बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी, इसमें एससी एवं एसटी वर्ग को 33 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत सबसिडी प्रदान की जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही के पास साढे तीन एकड भूमि होना जरूरी है, जिससे वह उक्त भूमि पर डेयरी इकाई के साथ ही भूसा घर एवं दुधारू पशुओं के लिए शैड बना सकें।

# सावन का पहला रविवार,जमकर किया एंजॉय, पर्यटक स्थलों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

13 जुलाई को सावन का पहला रविवार पड़ने के साथ रुक रुक कर होती रही रिमझिम बारिश ने लोगों को संडे को फन डे बनाने पर मजबूर कर दिया लोगो ने जिला मुख्यालय में सटे पर्यटक स्थलों पर पहुंचकर खूब एंजॉय किया।

रविवार की सुबह हुई बारिश के बाद शहर के पर्यटन स्थल मोरडूंगरी, हाथीटीला और बावंदा पुलिया पर पानी की धाराएं बहने लगीं हैं। इन स्थलों पर पानी आते ही नजारा मनमोहक हो गया है और यहां भी सुंदरता को निहारने, पानी में अटखेलियां करने और गोठ मनाने के लिए सैलानी भी पहुंचने लगे। मोरडूंगरी व हाथीटीला पर सैकड़ों सैलानी पिकनिक मनाने पहुंच गए।

इस दौरान जगह-जगह भीड़ लगने लगी। कोई खाना बना रहा था तो कोई घर से बनाकर लाए खाने को पूरे परिवार के साथ खाने का लुत्फ उठा रहा था। ज्ञात हो कि मोर डूंगरी के तेज बहाव में कई बार दुखद हादसे हो चुके हैं फिर भी रविवार को कई लोग अपने छोटे बच्चों के साथ पानी के तेज बहाव में नहाते दिखे। इस दौरान प्रशासन या पुलिस की ओर से कोई अधिकारी या कर्मचारी निगरानी करने भी नहीं आया।



**समाजसेवी नागरिकों के साथ ही राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं ने भी किया स्वागत**

# एशियाई रेसलिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर श्योपुर लौटी सुखमन का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किर्गिस्तान में आयोजित एशियाई रेसलिंग (कुश्ती) प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर देश और मध्यप्रदेश का मान बढ़ाने वाली श्योपुर की बेटी सुखमन कौर का विदेश से लौटने के बाद श्योपुर पहुंचने पर आम नागरिकों, समाज सेवियों, राजनीतिक दलो से जुड़े नेता एवं कार्यकर्ताओं में आत्मीय स्वागत किया। सुखमन कौर का लोगों ने जगह-जगह माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भारत माता के जयकारे भी खूब गूंजे। सुखमन के साथ उनके पिता जितेंद्र सिंह का भी सम्मान किया



### ज्वालापुर में भाजपा ने किया स्वागत

सुखमन कौर का स्वागत करने ग्राम ज्वालापुर पहुंचे भाजपा नेताओं ने सुखमन और उनके पिता को माला पहनाकर दिलाई गई उपलब्धि के लिए उनका आभार जताया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, ग्राम पंचायत ज्वालापुर के सरपंच प्रतिनिधि शरीफ मोहम्मद, पूर्व सरपंच सादिक खान, हसरुद्दीन खान आदि मौजूद रहे।




### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, लगाए नारे

जिला मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष अतुल चौहान के निवास पर एशियन मेडलिस्ट सुखमन कौर का भव्य स्वागत किया। इस दौरान उनके काफिले पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा करते हुए भारत माता की जय के जोरदार जयकारे भी लगाए और सुखमन कोर और उनके पिता का माला पहनाकर व साफा बांध कर सम्मान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अतुल चौहान, आशीष चौहान, शखावत हुसेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक निवास पर विधायक जंडेल ने कराया जलपान

श्योपुर लौटते वक्त ग्राम जाटखेडा स्थित श्योपुर विधायक बाबू जंडेल के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुखमन कौर और उनके पिता सहित उनके साथ चल रहे लोगों के काफिले को जलपान कराया। विधायक बाबू जंडेल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ विदेश में श्योपुर का मान बढाकर लौटी सुखमन कौर का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद विधायक सुखमन और उनके पिता सहित पूरे काफिले को अपने निवास पर ले गए,जहां उनके स्वागत में आयोजित जलपाल पार्टी दी गई इस दौरान विधायक बाबू जंडेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हंसराज रावत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल फौजी आदि मौजूद रहे।



# उफनते नाले को पार करने पानी में कुदाई यात्रियों से भरी बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर में उफन रहे नाले को पार करने की जल्दबाजी में एक यात्री बस के चालक ने बस को नाले में कुदा दिया। हालांकि बस नाला पार कर गई लेकिन उसमे बैठे यात्री और दूर किनारे पर खड़े देख रहे लोगों की जान जरूर हलक में आ गई थी। सोशल मीडिया पर इस यात्री बस का वीडियो हो वायरल हो रहा है लोग यात्री बस के ड्राइवर को लापरवाही भरा कदम उठाने पर खूब कोस रहे हैं। इस मामले में वीरपुर थाना पुलिस ने उक्त बस पर पांच हजार रूपए का जुर्माना कर दिया है।

शनिवार और रविवार की रात से हो रही भारी बारिश से नेशनल हाइवे 552 पर वीरपुर में नाले पर करीब 4 फिट पानी आ गया था। इस नाले पर पानी तेज़ बहाव से बहता है जिसके चलते पुल पर पानी रहने पर लोग अपने वाहन पुल से नहीं गुजारते हैं। जिसके चलते रविवार को श्योपुर का मुरैना से सपंर्क टूटा रहा पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लेकिन रविवार को एक बस चालक ने लापरवाही से यात्रियों से भरी बस उफनते नाले में कुदा दिया। हालांकि एसपी वीरेंद्र जैन ने सभी थाना प्रभारियों को बारिश के समय नदी नालों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए हुए हैं लेकिन इस नाले पर पुलिस कर्मियों का मौजूद न रहना आश्चर्य जनक था। बाद में यह वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो वीरपुर थाना पुलिस हरकत में आई और उक्त बस पर पांच हजार रूपए का जुर्माना कर दिया है।



## खबर संक्षेप

### जनपद स्तरीय रोजगार मेला आज

**ललितपुर।** कौशल विकास मिशन, लखनऊ एवं संयुक्त निदेशक(प्रशि0/शिक्षु0), झाँसी मंडल, झाँसी के निर्देशों के क्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत सोमवार , को प्रातः 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर, सिद्दन रोड, ललितपुर में जनपद स्तरीय रोजगार मेलाका आयोजन किया जा रहा है। देश व प्रदेश की प्रतिष्ठित लगभग 10 से 15 कम्पनियों प्रतिभाग कर रही है। साक्षात्कार हेतु समस्त अभ्यार्थी (कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थी, सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत युवा, आईटीआई उत्तीर्ण, अन्य) प्रातः 10 बजे से अपने समस्त अंकपत्र, प्रमाणपत्रो (बायोडाटा, आधार कार्ड, मूल प्रमाण- पत्र व फोटोकॉपी एक सैट, 2 फोटो) सहित आ सकते है।

### बरसात का पानी निकालने पर महिलाओं में विवाद

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वंट में रहने वाली ग्रामीण के घर में बरसात का पानी भर जाने के कारण जब उसकी बहू ने अपनी को घर से बाहर निकला, तब परिवार की विपक्षी महिला ने उसके और उसकी सास के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ग्राम वंट निवासी श्यामबाई पत्नी स्वर्गीय कल्ले ने थाना पाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि आजकल हो रही बरसात के कारण उसके घर में पानी भर गया था। इसलिए 11 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे जब उसकी बहू फूलकुआँर ने अपने घर से बरसात का पानी बाहर निकाला, तो इसी बात को लेकर उसके ही परिवार में रहने वाली विपक्षी महिला अकल पत्नी लली प्रजापति उसके दरवाजे पर आई और गाली गलौज करने लगी। हरकत पर विरोध जताया, तब उसने हाथ में लिए हुए पत्थर दे मारा, जिससे उसे और उसकी बहू को चोटे आई हैं। पाली पुलिस ने महिला मामला पंजीकृत किया है।

### चोरी की एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा करीला अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पीछे रहने वाले भोलू कुशवाहा पुत्र देवकी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 जुलाई की रात करीब ड़ेढ़ बजे चोरों ने उसके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सोने चांदी के जेवरात और 50 हजार नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### रास्ते में रोककर मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम दैलवारा निवासी विशाल यादव पुत्र देशराज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 12 जुलाई की शाम करीब 4 बजे वह घर से निकल रहा था। तभी रास्ते में गांव के शोभित मालवीय पुत्र विनोद ने उसे रोक लिया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर शोभित ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### 2 छात्राओं से शिक्षक ने की छेड़छाड़

**बीना।** खिमलासा थाना अंतर्गत एक शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा 5वीं की 2 छात्राओं के साथ शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। खिमलासा थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल ने बताया कि थानाअंतर्गत एक प्राइमरी स्कूल में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्राओं ने 53 वर्षीय शिक्षक के द्वारा छेड़छाड़ करने की शिकायत दर्ज की है। शिकायत पर शिक्षक के खिलाफ धारा 34,75 एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### 14 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**बीना।** भानगढ़ पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके एवं एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन में शनिवार रात कांबिंग गश्त के दौरान 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पिछले करीब 14 वर्षों से मारपीट के मामले में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को भी पकड़ने सफलता में मिली।

---

भारी बारिश के चलते बाढ़ से बचाव हेतु जिला प्रशासन अलर्ट, तैयारी की शुरू

# बाढ़ से निपटने विभागों की जिम्मेदारी तय कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में हो रही लगातार बारिश अतिवृष्टि के कारण आमजन की सुरक्षा एवं बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत पुलिस विभाग द्वारा तटबन्धों पर पेट्रोलिंग, बाढ प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था, बाढ चौकियों पर सुचारू रूप से राहत सामग्री वितरण हेतु पुलिस बल की व्यवस्था, वी०आई०पी० आगमन पर कानून व्यवस्था तथा ठऊफत्र/ढअउ/रऊफत्र के साथ समन्वयक स्थापित किया जाएगा।विकास एव पंचायतीराज विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, साफ-सफाई एंव स्वच्छता, बाढ़ चौकियों व बाढ़ शरणालयों पर कर्मचारियों की ड्यूटी, राहत वितरण में कर्मचारियों की ड्यूटी, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, हेन्डपम्पों की मरम्मत एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा । चिकित्सा विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, आवश्यक दवाईयां एंव एम्बुलेन्स की उपलब्धता, टीकाकरण, सर्पदंश के दवा का पर्याप्त



स्टॉक, बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती तथा बाढ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में लागों को जागरूक किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा भूसा बंटने के स्थान को चिन्हित करना, भूसा कय हेतुआवश्यक कार्यवाही, पशु शरणालय, पशुओं का सर्वे व टीकाकरण, चौकियों पर आवश्यक दवाइओं, एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं सचल मेडिकल दल का गठन किया जाएगा।

### आवश्यक कार्य किए जाएंगे

स्थानीय निकाय द्वारा शहरी क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था व साफ-सफाई, स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, मोबाइल शौचालय का प्रबन्धन व शहरी बाढ प्रबन्धन हेतु आवश्यक कार्य किए जाएंगे। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा खाद्य वस्तुओं का समुचित स्टॉक, ईंधन की उपलब्धता एवं स्थानीय दुकानों से समन्वयक किया जाएगा लोक निर्माण विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचने के लिए सम्पर्क मार्गों की मरम्मत, सम्पर्क मार्गों पर जल निकासी की व्यवस्था, क्षतिग्रस्त पुलियों की मरम्मत हेतु आवश्यक कार्यवाही, हेलीपैड हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं डेमवा घाट के मरम्मत हेतु कार्यवाही की जाएगी। बाढ़ कार्य खण्ड विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त तटबन्धों की मरम्मत, बाढ़ अवरोधक सामग्रियों का तटबंधों पर पर्याप्त स्टॉक, तटबंधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबन्धन एवं तटबन्धों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर कंट्रोल रूम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।

### विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए

विद्युत विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रों पर आवश्यक प्रबन्धन, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रों पर मोबाइल ट्रान्सफॉर्मर की व्यवस्था, बाढ़/राहत चौकियों व बाढ शरणालयों पर विद्युत की व्यवस्था, खम्भों की व्यवस्था, बाढ क्षेत्र में पानी भरने पर विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए । शिक्षा विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में बाढ के समय अध्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था एवं बाढ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाएगा। जल निगम द्वारा बाढ क्षेत्र में स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, बाढ़ की सम्भावना वाले स्थानों को चिन्हित कर हैंडपंप की व्यवस्था व बाढ़ की सम्भावना वाले स्थानों पर स्थापित हैंडपंपों का उच्चीकरण किया जाएगा। बाल एंव पुष्टाहार विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित क्षेत्रों के आंगनबाडी केन्द्रों में बाढ के समय वैकल्पिक व्यवस्था एवं बाढ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में लागों को जागरूक किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा बाढ के दौरान आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था एवं स्टेयजिंग एरिया का चिन्हिकरण किया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा बाढ क्षेत्र के फसलों का सर्वे, फसलों का बीमा कराने हेतु किसानों को जागरूक एवं बाढ क्षेत्र में नुकसान न होने वाली फसलों की वैरायटी के बोने हेतु किसानों को जागरूक किया जाएगा। सूचना विभाग द्वारा समय-समय पर बाढ से बचाव हेतु एडवाइजरी का प्रकाशन, मौसम के बारे में लोगों को मीडिया के माध्यम से जागरूक एवं प्रशासन के द्वारा किये जा रहे राहत व बचाव के कार्यों को प्रकाशित कराया जाएगा । राजस्व विभाग द्वारा बाढ क्षेत्र का व्यापक सर्वे (परिवार, जनसंख्या, मकान, पशु, उपलब्ध संशाधन), बाढ चौकी/बाढ शरणालय का चिन्हीकरण, ई०ओ०सी० (कंट्रोल रूम) की स्थापना, बाढ राहत कार्य योजना के, नोडल अधिकारी / कर्मचारियों की ड्यूटी, मॉक ड्रिल / प्रशिक्षण / जागरूकता, बाढ राहत सामग्री हेतु आवश्यक कार्यवाही,नाव/नाविक हेतु आवश्यक कार्यवाही, स्वयंसेवी / अन्य संस्थाओं के साथ समन्वयक स्थापित करना, वालेन्टियर का चिन्हीकरण, कम्युनिटी किचेन की व्यवस्था, माननीय जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक एवं पूर्व चेतावनी जारी की जाएगी।

---

अत्यधिक पानी की हो रही आवक

## वर्षा के कारण जनपद के बांधों से पानी की निकासी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद ललितपुर एवं मप्र में अधिक बारिश होने के कारण ललितपुर जिले के विभिन्न बांधों में अत्यधिक पानी की आवक होने के कारण ललितपुर के विभिन्न बांधों के गेटों को इस समय तथा समय-समय पर खोलकर बांधों की सुरक्षा के दृष्टिगत अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है जिससे नदियों नालो में पानी का प्रवाह बढ़ गया है, जिससे जन-धन की हानि होने की संभवना हो सकती है एवं आने भी संभावना बनी रह सकती है। उपरोक्त स्थिति में नदी के समीप बसे ग्रामों के समस्त नगरवासियों, चरवाहों, मछुहारो व आम जनता आदि दुर्घटना से बचने के लिए नदी, नालों, तालाबों एवं रिपटों से दूर रहे।

जनपद ललितपुर बांधो का जनपद है लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण पानी की निकासी सुनिश्चित की गई इसी दृष्टिगत गोविन्द सागर बांध के कुल 18 गेटों से लगातार 11754 क्युसेक वानी छोडा जा रहा हैजल स्तर 1192.20 फीट तथा क्षमता 85.95 ट.उट पानी है तथा शहजाद बांध का लेवल 12



बजे 320-70 मीटर तथा क्षमता 107.77 ट.उट है जिससे वर्तमान मे कुल गेटो से 33680 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है इसी प्रकार उठारी बाँध का लेवल 12 बजे 325.75 मी. तथा वर्तिमान मे क्षमता 10.676 ट.उ.ट पानी है जिससे वर्तमान में 7100 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसी प्रकार जमरार बांध से 10785 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है। भावनी बाँध से 56761 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है। रामघाट बाँध से 29256 क्युसेक, कचरोधा बांध से 055297 क्यूसेक वंडई बांध से 600 क्युसेक, भौरट बांध से 15300 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है माताटीला वाँध से 27618क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही हैं। जामनी और रोहड़ी बांध से पानी की निकासी नहीं की जा रही है।

---

समाजसेवी नारायण सिंह की 17वीं पुण्यतिथि सेवा कार्यों के साथ मनाई

## जरूरतमंदों को भोजन, रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

**शिवपुरी।** धर्म कर्म और समाजसेवा व जनसेवा के लिए समर्पित रहने वाले स्व. नारायण सिंह रघुवंशी जी की 17वीं पुण्यतिथि 12 जुलाई, शनिवार को शिवपुरी में विभिन्न सेवा कार्यकमों के साथ मनाई गई । यह सेवा कार्य दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि स्वरूप किए गये, जिनका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों की सेवा करना है। उनके परिजनों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे माधव चौक स्थित हनुमान जी के मंदिर पर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण से की गई। तत्पश्चात सुबह 11 बजे कल्याणी धर्मशाला में अस्पताल में भर्ती मरीजों के अटेंडरों को भोजन वितरण किया गया। दोपहर 2:30 बजे रक्तदान किया गया। शाम 5 बजे गौ माता को हरी घास खिलाई गई। दिन का अंतिम सेवा कार्य शाम 5:30 बजे अपना घर आश्रम में आयोजित हुआ, जहां प्रभुजी (मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं निराश्रितजनों) को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। इन



सभी सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को स्व. नारायण सिंह रघुवंशी जी के जीवन मूल्यों एवं सेवाभाव की प्रेरणा देने का प्रयास किया गया। इस आयोजन में परिवारजनों गजेन्द्र रघुवंशी, जितेन्द्र रघुवंशी (जीतू), रोहित रघुवंशी के साथ मित्रगण नीरज अवस्थी, गोपाल शर्मा, अरविंद ओझा, राजेन्द्र गुप्ता, संदीप नगरिया, विकास दंडोतिया, राजाबाबू बाथम, धर्मेंद्र सेन आदि शामिल रहे।

---

तथागत फाउंडेशन और गायत्री परिवार ने लगाया शिविर

## 16 का परीक्षण, एक कैंसर व दो प्री कैंसर के रोगी मिले

**शिवपुरी।** सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत तथागत फाउंडेशन और गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज शिवपुरी के सहयोग से निःशुल्क कैंसर निदान शिविर गायत्री हेल्थ पार्क में संपन्न हो गया। इस शिविर में चिन्हित 16 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें एक मरीज मे कैंसर के गंभीर लक्षण पाए गए। उक्त परीक्षण मेडिकल कॉलेज की सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नीति अग्रवाल ने किया और सहयोग सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सक सर्जन डॉ.पीके खरे ने दिया। विशेषकर महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता और निदान के क्षेत्र में प्रयासरत तथागत फाउंडेशन ने गायत्री परिवार के साथ संयुक्त तत्वावधान में विगत दिन को गायत्री हेल्थ पार्क में कैंसर निदान शिविर का आयोजन किया। इसका



शुभारंभ मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नीति अग्रवाल एवं रिटायर्ड सिविल सर्जन डॉ पीके खरे ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर तथागत फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य राजेश गुप्ता राम के द्वारा दोनों चिकित्सकों सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए गए जिन्हें पार्क में रोपित कर दिया गया। इस शिविर में पेप्सी मेयर, एफ एन ए सी,,पंच बायोप्सी, इंप्रिंट सैटालाजी जैसी जांच की निशुल्क सुविधा मातृशक्ति को उपलब्ध कराई गई।

---

## सिविल अस्पताल में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



बीना। सिविल अस्पताल में रविवार को एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें एसडीएम विजय डेहरिया सहित सामाजिक संस्था समन्वय मंडपम के 50 स्वयंसेवकों ने इस अभियान में भाग लिया। सिविल अस्पताल में सफाई अभियान सुबह 9 बजे से शुरू हुआ। स्वयंसेवकों ने अस्पताल की ओपीडी सहित महिला भर्ती वार्ड, पैथोलॉजी लैब, एनआरसी और स्टाफ रूम के अलावा अन्य कमरों एवं परिसर की गहराई से सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान संस्था के द्वारा झाड़ू, पोछा, डस्टबिन, ग्लव्स और मास्क सहित सफाई के अन्य साधन उपलब्ध कराए गए। गौरतलब है कि सिविल अस्पताल में नियमित सफाई नहीं होने से जगह-जगह गंदगी का साम्राज्य है। गंदगी से महिला भर्ती वार्ड की स्थिति चिंताजनक बनी रहती है। गर्भवती और प्रसव के बाद भर्ती महिलाओं को स्वच्छ वातावरण नहीं मिल पाता है। जिससे संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। इस संबंध में मंडपम संस्था प्रतिनिधि सत्यजीत ठाकुर ने कहा कि सिविल अस्पताल में समाज के हर वर्ग के लोग इलाज के लिए आते हैं। यहां की स्वच्छता मरीजों और उनके परिजनों की सेहत से जुड़ी है। वे प्रशासन के साथ मिलकर मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना चाहते हैं।

---

## रामनगर गधाई में जलभराव के खिलाफ युवाओं ने वृक्षासन कर प्रशासन को दी 5 दिन की चेतावनी



**करैरा।** करैरा अनुविभाग के रामनगर गधाई गांव में लंबे समय से जलभराव की समस्या ग्रामीणों के लिए अभिशाप बनी हुई है। बरसात का मौसम आते ही स्थिति और भी विकराल हो जाती है। गांव की मुख्य सड़क, विशेष रूप से दुर्गा माता मंदिर के पास, जलभराव के कारण कीचड़ और गंदे पानी से लबालब हो जाती है। हल्की बारिश भी सड़क को तालाब में बदल देती है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गंदा पानी और कीचड़ न केवल असुविधा पैदा करता है, बल्कि मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ाता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण यह समस्या हर साल बरसात में दोहराई जाती है। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार स्थानीय पंचायत, जनपद सीईओ और इंजीनियरों से शिकायत की, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। सरपंच और सचिव द्वारा बार-बार टालमटोल किया जाता है, और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज की, लेकिन वहां से भी कोई समाधान नहीं मिला। उल्टा, शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। गांव में न तो जल निकासी के लिए नालियां हैं और न ही सफाई की कोई व्यवस्था। गलियों में गंदगी और पानी का जमाव आम बात हो गई है, जिससे ग्रामीणों का रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है।

---

## पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले को 6 घंटे में अभिरक्षा में लिया

**शिवपुरी।** करैरा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले बाल अपचारी को महज 6 घंटे के भीतर ही अभिरक्षा में लिया है। करैरा टीआई विनोद छावई के अनुसार 12 जुलाई को पीड़िता द्वारा थाना करैरा पर उपस्थित होकर रिपोर्ट की कि 11 जुलाई को रात 12:30 बजे बाल अपचारी ने अपने घर ले जाकर बलात्कार करने के संबंध मे थाना करैरा में बाल अपचारी के विरुद्द रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसपर से अपराध धारा 64(1),137(2) बीएनएस 3/4 पोक्सो एक्ट के तहत पंजीबध्द कराया था। आज उक्त अपराध में बाल अपचारी को थाना करैरा पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लिया गया है। बाल अपचारी को माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

**सर्पदंश से बच्ची की मौत-** भौंती थाना क्षेत्र के खेरौना गांव में रविवार सुबह 6 साल की मासूम बच्ची की मौत जहरीले सांप के काटने से हो गई। परिजन जब तक उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। खेरौना गांव निवासी अतर सिंह लोधी की 6 वर्षीय बेटी देवकी लोधी सुबह अपने घर में ही थी, तभी उसे एक जहरीले सांप ने काट लिया। बच्ची की हालत बिगड़ती देख परिजन घबराए और उसे तत्काल शिवपुरी के मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

---

प्लांट पर कचरे से गंदगी, मक्खी से परेशान ग्रामीण

## ग्रामीणों ने कचरा गाडियों को लौटाया कहा, पहले प्लांट को साफ किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

नगर पालिका में कचरा कलेक्शन का काम कर रही एवी इंफ्रा कंपनी कचरा निष्पादन को लेकर विफल होती नजर आ रही है। कंपनी के द्वारा कचरा कहीं रेलवे क्षेत्र में फेंका जा रहा है, तो कहीं ग्रामीण क्षेत्र में। शनिवार को रेलवे क्षेत्र में कचरा डालते हुए निजी कंपनी के 4 कर्मचारियों के खिलाफ आरपीएफ के द्वारा रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं रविवार को ग्रामीणों ने कचरा से भरी गाड़ियों को रोक लिया। सूचना पर थाना प्रभारी अनूप यादव एवं नपा सीएमओ राम प्रकाश जगनेरिया मौके पर पहुंचे लेकिन ग्रामीण नहीं माने और कचरा वाली गाड़ियों को लौटना पड़ा। ग्रामीणों



का कहना था कि एफएसटी प्लांट में पहले से कचरा फैला हुआ है। पहले उसे नष्ट कराए उसके बाद वहां पर कचरा डाले। ग्रामीणों ने बताया कि पहले से पड़े कचरे को नहीं उठाए जाने के कारण क्षेत्र में गंदगी फैल रही है और मक्खी पनप रहीं हैं। जिससे ग्रामीण बहुत परेशान हो रहे है। यहीं स्थिति रही तो गंदगी से बीमारियां फैलने लगेंगी। एक दिन पूर्व शनिवार को रेलवे क्षेत्र में शहर का कचरा फैकते हुए आरपीएफ ने एवी इंफ्रा कंपनी के 4 कर्मचारियों को पकड़ कर उनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश जगनेरिया उन्हें छुड़ाने के लिए पहुंचे। जिसके बाद सभी कर्मचारियों को जमानत पर छोड़ा गया था।

---

तीसरे ने गाड़ी से लगाई छलांग, ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

## उफनते नाले में बाइक सवार दो बहे पेड़ की डालियां पकड़कर बचाई जान

**शिवपुरी।** लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। प्रशासन की चेतावनी के बावजूद तीन युवकों ने एक बाइक पर सवार होकर उफनते नाले को पार करने की कोशिश की। ये घटना रविवार सबुह पिछोर-कछौआ मार्ग पर हुई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। मनका गांव के सुरदीप यादव, राजदीप यादव और एक अन्य युवक पिछोर की ओर जा रहे थे। रास्ते में पडऩे वाले रपटे पर तेज बहाव था। नाले को पार करने की कोशिश के दौरान बीच



धार में पहुंचते ही बाइक पानी में बहने लगी। पीछे बैठे युवक ने तुरंत बाइक से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। सुरदीप और राजदीप बाइक समेत बह गए। दोनों युवकों ने नाले किनारे लगे पेड़ों की डालियां पकड़कर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों ने बाद में दोनों को बाहर निकाला। मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने इसका एक वीडियो बना लिया। वीडियो में वो हंसी-ठिठोली करते सुनाई दे रहे हैं। सौभाग्य से इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

---

## दो बाइक सवार युवक बस के पीछे जा घुसे, दोनों गंभीर घायल

**शिवपुरी।** एनएच 46 हाईवे पर बाइक सवार दो युवक बस के पीछे जा घुसे, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी और दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना रविवार को देहात



थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार घायलों की पहचान सईसपुरा निवासी वसीक अली उम्र 32 वर्ष पुत्र लियाकत अली और वकार खान के रूप में हुई है। दोनों पीओपी पुट्टी का काम करते हैं। इसी काम के सिलसिले में दोनों बाइक से कोलारस की ओर जा रहे थे। रास्ते में एनएच 46 पर उनकी बाइक बेकाबू होकर एक चलती बस के पीछे से टकरा गई। हादसे में वसीक अली और वकार खान दोनों को गंभीर चोट आई है। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।